संख्या 15011/36/2022- न्याय (ए यू)/e6889
भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
न्याय विभाग

**विषय: न्याय विभाग के संबंध में मार्च 2024 माह का मासिक सार।**

न्याय विभाग की मार्च 2024 माह की महत्वपूर्ण गतिविधियां निम्नलिखित हैं :

**1. <u>हमारा संविधान-हमारा सम्मान अभियान, बीकानेर, राजस्थान में क्षेत्रीय/राज्य स्तरीय समारोह</u>:**

भारतीय गणतन्त्र के 75 वें वर्ष का जश्न मनाते हुए , न्याय विभाग ने महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर, राजस्थान में 9 मार्च, 2024 को **'हमारा संविधान हमारा सम्मान'** नामक क्षेत्रीय समारोह आयोजित किया। इस समारोह में भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डॉ. डी वाई चंद्रचूड़, श्री अर्जुन राम मेघवाल, माननीय केंद्रीय विधि और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), न्यायमूर्ति श्री मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव, राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और माननीय श्री जोगाराम पटेल, विधि मंत्री, राजस्थान सरकार तथा राजस्थान राज्य सरकार के उच्च स्तर के अन्य प्रतिनिधि उपस्थित हुए थे। समारोह में 900 प्रतिभागियों ने उपस्थिति दर्ज की और इसमें बार एसोसिएशनों के प्रतिनिधि, न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, टेली लॉ कार्यक्रम के क्षेत्रीय स्तर के कार्यकर्ता, जिला प्रशासन के अधिकारी, पुलिस अधिकारी, विधि छात्र और संकाय सदस्य शामिल हैं। इस अवसर पर, भारत के मुख्य न्यायाधीश ने नागरिक केंद्रित सेवा **"जनसेवा जनता के द्वार"** पर स्टॉलों का उद्घाटन किया जिसमें सरकार की विभिन्न सेवाओं/स्कीमों/कार्यक्रमों के तहत सार्वजनिक हकदारियों को दर्शाया गया। यह क्षेत्रीय समारोह भारत के माननीय उपराष्ट्रपति जी द्वारा 24 जनवरी, 2024 को नई दिल्ली में लॉन्च किए गए 'हमारा संविधान हमारा सम्मान' नामक वर्ष भर चलने वाले राष्ट्रीय अभियान के क्रम में था।

**2. <u>ई-कोर्ट मिशन मोड परियोजना</u>**

क. **एन जे डी जी**: दिनांक 29.02.2024 की स्थिति के अनुसार, राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड (एन जे डी जी) पर 25.20 करोड़ मामलों के संबंध में मामलों की स्थिति संबंधी सूचना और कंप्यूटरीकृत न्यायालय से संबंधित 25.16 करोड़ से अधिक आदेशों/निर्णयों की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

ख. **ई सेवा केंद्र**: दिनांक 29.02.2024 की स्थिति के अनुसार, 25 उच्च न्यायालयों के तहत 899 ई-सेवा केंद्रों को कार्यात्मक बनाया गया है।

ग. **वर्चुअल कोर्ट**: 25 वर्चुअल कोर्टों द्वारा 4.59 करोड़ से अधिक मामलों को संभाला गया है और 50 लाख से अधिक मामलों में, दिनांक 29-02-2024 तक 520.93 करोड़ से अधिक रुपए का ऑनलाइन जुर्माना वसूल किया गया है।

घ. **वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग**: वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का प्रयोग करके दिनांक 29.02.2024 तक जिला और अधीनस्थ न्यायालयों ने 2,24,71,269 मामलों की सुनवाई की और उच्च न्यायालयों ने 84,60,352 मामलों की सुनवाई की।

ड़. **ई कोर्ट सर्विस मोबाइल ऐपः** ई-कोर्ट सर्विस मोबाइल ऐप डाउनलोड करने की संख्या दिनांक 29.02.2024 तक 2.26 करोड़ पहुंच गई है।

च. **JustIS ऐपः** न्यायिक अधिकारियों के लिए मोबाइल ऐप डाउनलोड करने की कुल संख्या दिनांक 29.02.2024 तक 19,632 पहुंच गई है।

**3. <u>टेली लॉ: वंचितों तक पहुंचः</u>**

क. इस माह के दौरान, ग्रामीण स्तर के उद्यमियों/पैरा लीगल स्वयंसेवकों (वीएलई/पी एल वी), राज्य समन्वयकों और पैनल वकीलों द्वारा 22 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 77 जिलों में आयोजित 103 जागरूकता सत्रों/कैंपों में 2385 व्यक्तियों ने भाग लिया।

ख. कानूनी सलाह 79,08,682 हिताधिकारियों को प्रदान की गई जिसमें मार्च 2024 माह में 4,58,711 हिताधिकारियों को दी गई कानूनी सलाह भी शामिल है।

ग. इस माह के दौरान, 9223 ग्राम स्तर के उद्यमियों (वी एल ई) ने 73 प्रशिक्षण सत्रों में भाग लिया जो 18 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 71 जिलों में संचालित किए गए थे।

घ. इस माह में 21 राज्य संघ राज्य क्षेत्र में '**सबको न्याय हर घर न्याय**' उप थीम के तहत राज्य स्तर पर हमारा संविधान हमारा सम्मान अभियान वर्कशॉप सह मेलों का आयोजन किया गया जिनमें विभिन्न राज्य विभागों द्वारा नागरिक केंद्रित सेवा स्टॉल स्थापित किए गए। इन समारोहों के दौरान टेली-लॉ राज्य बुकलेट और **"वॉइस ओफ बेनिफिसियरीज"** के चौथे संस्करण का क्षेत्रीय भाषाओं में उद्घाटन किया गया और टेली-लॉ पुरस्कार विजेताओं का सम्मान किया गया। 12000 से अधिक नागरिकों और स्थानीय सरकारी अधिकारियों सिविल सोसाइटी संगठनों (सी एस ओ), विधि स्कूल छात्रों ने इन क्षेत्रीय समारोहों में भाग लिया।

**4. <u>न्याय बंधु (प्रो बोनो कानूनी सेवा) कार्यक्रमः</u>**

माह के दौरान, 83 नए प्रो बोनो वकील न्याय बंधु मोबाइल एप्लीकेशन/ वेव पोर्टल के माध्यम से पंजीकृत हुए। न्याय बंधु पोर्टल के तहत कुल 10922 (पुरुष-9149, महिला-1771,ट्रांसजेंडर-02) प्रो बोनो वकील आ चुके हैं।

**4. <u>कानूनी साक्षरता और कानूनी जागरूकता कार्यक्रम (एल एल एल ए पी):</u>**

क. नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी (एनएलएसआई यू) बेंगलुरु, कर्नाटक ने 250 प्रतिभागियों के लिए उड़ीसा के मयूरभंज जिले के चार गांवों- भालुकी, आसनवाणी, हिंजलगढ़िया और ऊपरशाही में 19 से 21 मार्च, 2024 तक तीन दिवसीय ग्राम हॉल्ट अभियान आयोजित किया। एनएलएसआइयू ने 120 प्रतिभागियों के लिए ग्राम दुलकी, साजनखली और वेस्टर्न साइड, सुंदरवन नेशनल पार्क, सुंदरवन, पश्चिम बंगाल में 11 से 12 मार्च, 2024 तक दूसरा दो दिवसीय ग्राम हॉल्ट अभियान आयोजित किया। माह के दौरान, एनएलएसआईयू ने सामाजिक कानूनी मुद्दों पर 30 रीलें दर्ज कीं और उनको इंस्टाग्राम चैनल पर प्रसारित किया जिन्हें 43,575 व्यक्तियों ने देखा। नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी दिल्ली (एन एल यू दिल्ली) ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों- प्रयागराज, प्रतापगढ़ और बनारस के 9 ग्रामों में 4 मार्च, 2024 से 14 मार्च, 2024 तक महिलाओं पर हिंसा रोकथाम एवं निवारण पर **"प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण"** आयोजित किया और 284 ग्राम वासियों तक पहुंचा गया।

ख. ग्रामीण विकास राज्य संस्थान, पुणे, महाराष्ट्र ने महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में 12 से 16 मार्च, 2024 तक 69 विधि दूतों के लिए दो कानूनी साक्षरता एवं कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।

ग. माह के दौरान, बिहार लोक प्रशासन संस्थान, पटना ने बिहार के सीतामढ़ी और मुजफ्फरपुर जिलों के 138 प्रतिभागियों के लिए आयोजित कानूनी साक्षरता कार्यक्रमों में विधि मित्रों को प्रशिक्षित किया।

5. **<u>राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा):</u>** 34 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (एस एल एस ए) और संघ राज्य क्षेत्रों में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 9 मार्च, 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत में 273 लाख से अधिक प्रिलिटिगेशन केसों और 38 लाख से अधिक लंबित मामलों का निपटान किया गया था।

*****